Need to extend the facility of Kisan Credit Card to Animal Husbandry and Dairy Sector-laid

श्री हरीश चंद्र मीना **(टोंक-सवाई माधोपुर) :** पशुपालन एवं डेयरी विभाग को एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। आज हम सभी जानते हैं कि हमारे देश के किसानों और और पशुपालकों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर, डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र में कार्यरत किसानों को कृषि क्षेत्र के समान सुविधाएँ प्राप्त नहीं होती हैं, जिससे वे अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। जैसे अकाल, अतिवृष्टि, शीतलहर आदि की स्थिति में किसानों को राहत मिलती है, परंतु डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र के लिए इस प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः डेयरी एवं पशुपालन को कृषि क्षेत्र में शामिल कर इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। कृषि क्षेत्र की तरह डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। यदि इन सभी सुविधाओं को डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र में भी लागू किया जाता है, तो इससे न केवल हमारे देश के दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि हमारे पशुपालक भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। राजस्थान, जो वर्तमान में दुग्ध उत्पादन में प्रमुख स्थान पर है। अतः मैं माननीय मंत्री महोदय से आग्रह करता हूँ कि वे इस विषय पर गंभीरता से विचार करें।